

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 099
दि. 07.08.2025,
गुरुवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : VINOD KUMARI Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.

Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 ● Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com ● Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com ● Website : www.navsarjansanskruti.com


## चीन जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर ब्रिक्स मिलकर देगा मुंहतोड़ जवाब

(जीएनएस)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। इस आदेश ने वैश्विक आर्थिक रिश्तों में हलचल मचा दी है। जवाबी रणनीति के तौर पर भारत अब अकेले नहीं, बल्कि ब्रिक्स जैसे मजबूत अंतरराष्ट्रीय मंच के जरिए संयुक्त कदम उठाने की तैयारी में है।

इसी कूटनीतिक पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल बाद चीन जा रहे हैं, जहां वो शंघाई सहयोग संगठन समिट में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा अमेरिका को एक ठोस संदेश देने का मंच भी बन सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50% अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद, भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि वह 'राष्ट्रीय हितों की रक्षा' के लिए जरूरी कदम उठाएगी। ऐसे में ब्रिक्स मंच अब सामूहिक रणनीति के लिए अहम बनता जा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगस्त के अंत में चीन के तिआनजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (रउड) समिट में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह उनकी सात साल बाद चीन यात्रा होगी और माना जा रहा है कि यह दौरा भारत-चीन संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक और कदम होगा।

सूत्रों के मुताबिक, मोदी की इस यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की संभावना है। इस बैठक में एलएसी पर तनाव घटाने, सीधे फ्लाइट्स बहाल करने, बॉर्डर ट्रेड खोलने और लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

हालांकि रिश्तों में नरमी के संकेत हैं, लेकिन भारत की चिंता अभी भी चीन की कई गतिविधियों को लेकर बनी हुई है। जैसे ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम बनाना और मई में भारत-पाक टकराव के दौरान चीन का पाकिस्तान को समर्थन देना।

मोदी के चीन दौरे से पहले जापान जाना तय है, लेकिन वहां के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा पर पार्टी के अंदर से इस्तीफे का दबाव है। फिर भी अगर मुलाकात होती है तो उसमें भारत में जापानी निवेश, इंडो-पैसिफिक में सुरक्षा और व्यापार सहयोग पर चर्चा होगी।

## तुष्टीकरण से सरकार चलाने वाले आज घर के हैं न घाट के: सीएम योगी

मुरादाबाद, 6 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुरादाबाद में ₹79 करोड़ की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग तुष्टीकरण की राजनीति कर के सत्ता में आते थे, वे आज घर के हैं न घाट के। ऐसे लोग ना तो समाज के साथ खड़े हो पाए, न ही भविष्य की पीढ़ी के साथ। सीएम योगी ने साफ कहा कि भाजपा की योजनाएं तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण पर आधारित हैं जो बिना भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुंचती हैं। उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि एक दौर था जब तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों के लिए सत्ता केवल एक दुकान थी। उन्होंने शिक्षा को नकल,



अराजकता और जातिवाद का अड्डा बना दिया था। लेकिन आज वही लोग संतुष्टीकरण को लेकर परेशान हैं। हमारी सरकार तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण के मार्ग पर चलती है। इसीलिए जनता का विश्वास आज भाजपा के साथ है।

मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के लोगों को रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और घोषणा की कि 8, 9, 10 अगस्त को प्रदेश की सभी बहनों को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा दी जाएगी।

श्रमिकों के धन की बंद हुई बंदरबांट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा बंधन के पर्व से ठीक पहले इस शिक्षा केंद्र को मुरादाबाद मंडल के बच्चों और श्रमिक परिवारों को समर्पित करते हुए इसे अटल जी की स्मृति को समर्पित आदर्श शिक्षा मंदिर बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### 'अभी और प्रतिबंध देखने को मिलेंगे', ट्रंप ने दी धमकी, भड़का एमईए,कहा-अविवेकपूर्ण फैसला



टैरिफ कार्ड खेल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर व्यापार शुल्क बढ़ा दिया है। उसने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। इन अतिरिक्त शुल्कों का मतलब है कि ऑटो पार्ट्स, कपड़ा और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे भारतीय निर्यात उत्पादों की लागत बहुत अधिक हो जाएगी। इस्पात, रसायन और फार्मा उद्योग भी इससे प्रभावित होंगे।

ट्रंप के इस कदम पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

## एनटीपीसी के चेयरमैन और एमडी श्री गुरदीप सिंह ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से की शिष्टाचार भेंट





### गुजरात और एनटीपीसी के बीच पारस्परिक हित की परियोजनाओं में सहयोग के अवसर बढ़ाने को लेकर हुआ विचार-विमर्श

गांधीनगर, 06 अगस्त : नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री गुरदीप सिंह ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से बुधवार को गांधीनगर में शिष्टाचार मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में देश का एक अग्रणी राज्य है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार मुलाकात बैठक में एनटीपीसी के चेयरमैन ने रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, न्यूक्लियर और पम्प्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में एनटीपीसी और गुजरात के बीच पारस्परिक हित की परियोजनाओं में सहयोग के अवसर बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री के साथ इस मुलाकात के दौरान एनटीपीसी की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री सरित माहेश्वरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 50 की महुआ 65 के पिनाकी के 67 विवाहित दिन: रिसेप्शन में जुटा इण्डिया ब्लॉक! अखिलेश से सोनिया तक, कौन-कौन पहुंचा?

(जीएनएस)।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा और बीजू जनता दल (बीजेडी) के पूर्व सांसद पिनाकी मिश्रा ने 30 मई 2025 को जर्मनी के बर्लिन में गुपचुप शादी रचाई थी। 67 दिन बाद, 5 अगस्त 2025 को दिल्ली के होटल ललित में इस जोड़े ने एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया, जिसमें सियासत के दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिला।

लाल साड़ी में महुआ की चमक और पिनाकी की सादगी ने इस समारोह को सियासी गलियारों की चर्चा का केंद्र बना दिया। आइए जानते हैं, इस रिसेप्शन में कौन-कौन शामिल हुआ और क्या रहा खास?

जर्मनी की शादी, दिल्ली में जश्न

महुआ मोइत्रा (50) और पिनाकी मिश्रा (65) ने 30 मई को बर्लिन के एक ऐतिहासिक महल में बेहद निजी समारोह में शादी की थी। इस समारोह को गुप्त रखा गया, लेकिन बाद में सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और



वीडियो ने इसे सुर्खियों में ला दिया। दिल्ली के रिसेप्शन में दोनों ने सियासी और निजी रिश्तों को सेलिब्रेट किया। महुआ सुनहरी कढ़ाई वाली लाल साड़ी और पारंपरिक सोने के गहनों में नजर आईं, जबकि पिनाकी ने लाल बॉर्डर वाली सफेद पारंपरिक पोशाक में शालीनता बिखेरी।

होटल ललित में आयोजित इस रिसेप्शन में सियासत की अलग-अलग धारा के नेताओं का संगम देखने को मिला। कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के साथ डिनर टेबल पर नजर आईं। समाजवादी पार्टी (SP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, तेलंगाना के CM रेवंत रेड्डी, और पंजाब के CM भगवंत मान की मौजूदगी ने इस आयोजन को सियासी रंग दिया।

कुंवर दानिश अली (पूर्व कांग्रेस सांसद) ने एक्स पर लिखा, '17वीं लोकसभा के सहयोगियों के साथ फिर से जुड़कर एक शानदार शाम बिताई। बातचीत, सौहार्द, और जश्न का माहौल था।' सागरिका घोष (TMC सांसद, राज्यसभा उपनेता) ने कहा, 'खूबसूरत दुल्हन महुआ और पिनाकी को इस शानदार रिसेप्शन पर ढेर सारी खुशियां। बधाई!

सुप्रिया सुले (NCP सांसद) ने लिखा, 'महुआ और पिनाकी को बधाई! आपके लिए खुशी और आनंद से भरी यात्रा की कामना।'

प्रियंका चतुर्वेदी (शिवसेना वइळ सांसद) ने पर पोस्ट किया, 'महुआ और पिनाकी को हमेशा शुभकामनाएं!'

रचना बनर्जी (TMC सांसद, अभिनेत्री) ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आने वाले वर्षों के लिए शुभकामनाएं... खुश रहें।'

सायोनी घोष (ळटउ सांसद) ने कहा, 'महुआ और पिनाकी को जीवनभर प्यार और हंसी की शुभकामनाएं!'

थंगापांडियन (उ्टड सांसद) ने ट्वीट किया, 'नई दिल्ली में महुआ मोइत्रा और पिनाकी मिश्रा के रिसेप्शन में शामिल होकर बधाई दी।'

वीरेंद्र सिंह (रढ सांसद, चंदौली) ने लिखा, 'होटल ललित में महुआ और पिनाकी के रिसेप्शन में शामिल हुआ। उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना करता हूं।'

डॉ. संजय जायसवाल (फ्छऊ) ने पर बधाई देते हुए लिखा, 'महुआ जी और पिनाकी मिश्रा जी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।'

### भोजूबीर-सिंधोरा मार्ग से क्यों हटाई गई सैयद बाबा की मजार? जानिए कार्रवाई के पीछे की वजह




भोजूबीर-सिंधोरा मार्ग पर मौजूद सैयद बाबा की मजार को आखिरकार प्रशासन ने हटा दिया है। लोक निर्माण विभाग ने पुलिस बल की मौजूदगी में मजार को हटवाकर सड़क को पूरी तरह समतल करा दिया। यह मजार लंबे समय से सड़क के बीच आकर ट्रैफिक में रुकावट पैदा कर रही थी।

स्थानीय लोगों की मानें तो इस रास्ते पर अक्सर जाम और हादसे होते थे, जिनकी वजह यही अतिक्रमण माना जा रहा था। पहले कई बार मांग उठी, लेकिन कार्रवाई टलती रही। अब प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए मजार हटवा दिया। इससे अब शहर में अन्य स्थानों पर भी अतिक्रमण करने वाले डरे हैं।

## नया इतिहास : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नाम पर बिहार गौरव उद्यान थीम पार्क

(जीएनएस)।

बिहार के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 14.98 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 'देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार गौरव उद्यान' (वेस्ट-टू-वंडर थीम पार्क) का शिलान्यास किया।

इस विशेष अवसर पर उन्होंने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति को चिरस्थायी रूप देने और इस क्षेत्र के सौंदर्य को बढ़ाने के उद्देश्य से यह थीम पार्क एक महत्वपूर्ण पहल है।

'वेस्ट-टू-वंडर' थीम पार्क में क्या होगा खास?

इस परियोजना से न केवल स्थानीय लोगों को लाभ होगा, बल्कि यह पटना के पर्यटन मानचित्र पर भी एक नई पहचान बनाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत, 10 एकड़ भूमि पर बनने वाला यह पार्क डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल और जेपी गंगा पथ के बीच विकसित किया जा रहा है। पार्क में निम्नलिखित विशेषताएं शामिल होंगीः




बिहार की महान विभूतियों- आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, दशरथ मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को थीम आधारित कला-रूप में दशार्या जाएगा।

स्थापत्य धरोहरों की झलक- नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिर और मकबरे पार्क की सजावट और डिजाइन का हिस्सा होंगे।

भव्य स्मृति परिसर- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के वर्तमान समाधि स्थल को भव्य स्मृति परिसर में परिवर्तित किया जाएगा।

पर्यटन सुविधा- खाने-पीने के आधुनिक स्टॉल, बच्चों के लिए खेल मैदान और आराम के लिए आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी।

समारोह में जुटा बिहार का नेतृत्व

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से पार्क की संरचना और कल्पना को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नगर विकास मंत्री जिबेश कुमार, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पटना महापौर सीता साहू, समेत प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पाकिस्तानी खिलाड़ी ने लगाया भारत पर बॉल टेम्परिंग का आरोप, ओवल टेस्ट की गेंद का लैब टेस्ट कराने की मांग

भारत की तरक्की किसी भी क्षेत्र में हो लेकिन पाकिस्तान को नहीं पचती। क्रिकेट को लेकर भी कुछ ऐसा ही है। हाल ही में पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश में जाकर टी20 सीरीज में पिटाई खाकर आई है लेकिन टीम इंडिया द्वारा ओवल टेस्ट में जीत दर्ज करने से उनको दर्द हुआ है। पाकिस्तान के एक पूर्व क्रिकेटर ने भारत के ऊपर बॉल टेम्परिंग का आरोप लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आकर इस खिलाड़ी ने कुछ अनर्गल बातें कही है। यह क्रिकेटर कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तान का पूर्व क्रिकेटर शब्बीर अहमद है।




## आठ अगस्त को बिहार दौरे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, दरभंगा में आज लगेगा जॉब कैंप

(जीएनएस)।

बिहार की राजनीति में हलचल हो या गवर्नमेंट का कोई बड़ा फैसला। विकास कार्यों की प्रगति हो या जनता से जुड़े अहम कार्यक्रम- बिहार टुडे में आपको सबसे पहले मिलेगा राज्य से जुड़ा हर बड़ा अपडेट। आइए जानते हैं आज 7 अगस्त को क्या-क्या होने वाला है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की हलचल के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 8 अगस्त को पटना आ रहे हैं। अमित शाह के आने का कार्यक्रम पहले 7 अगस्त को तय था लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है। वह दरभंगा होते हुए पुनौराधाम जाएंगे। वे रात करीब 9 बजे पटना एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे और उसी रात बीजेपी नेताओं से बैठक करेंगे।

अमित शाह सीतामढ़ी में आयोजित माता जानकी मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। विधायक मिथिलेश



कुमार ने भूमि पूजन को लेकर जनता को अक्षत (चावल) देकर व्यक्तिगत रूप से न्योता दिया है।

दरभंगा में 30 पदों के लिए नौकरी का मौका

नवा भारत फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा 7 अगस्त को दरभंगा के संयुक्त श्रम भवन, लहेरियासराय में जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा।

यह कैंप निःशुल्क है और चयनित अभ्यर्थियों की पोस्टिंग दरभंगा, समस्तीपुर व मुजफ्फरपुर में होगी।

मुजफ्फरपुर में एक और जॉब कैंप, इस बार 50 पदों पर भर्ती

बेरोजगार युवाओं के लिए एक और अच्छी खबर है। 7 अगस्त को मुजफ्फरपुर के गन्नीपुर स्थित संयुक्त श्रम नियोजनालय भवन में एक दिवसीय जॉब कैंप आयोजित होगा।

यह कैंप बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा आयोजित किया जाएगा। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार पाने का यह एक बेहतरीन अवसर है।




# सेंट्रल रेलवे की कुछ ट्रेनें रहेंगी रद्द, कुछ रूट पर रहेगा डायवर्जन

(जीएनएस)।
मुंबई लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। सेंट्रल रेलवे ने वाशी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसका उद्देश्य सिग्नल नियंत्रण को बेहतर बनाना है। जिसके चलते 7अगस्त से 8 अगस्त तक कई लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित होंगी। कुछ ट्रेनें रद्द की जाएंगी, जबकि अन्य के समय में बदलाव होगा या वे निर्धारित स्टेशनों से पहले समाप्त हो जाएंगी।

वाशी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के कारण आज से रात्रि मेगाब्लॉक लागू किया जाएगा। मुंबई में हार्बर रेलवे लाइन पर यात्रा करने वाले यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इस मेगाब्लॉक के दौरान, प्रतिदिन रात 10:45 बजे से सुबह 3:45 बजे



तक अप और डाउन दोनों लाइनों पर विशेष सेवाएं बाधित रहेंगी। इस दौरान अप और डाउन दोनों लाइनों पर काम किया जाएगा। कार्य के कारण कई लोकल ट्रेनों के रूट और समय में बदलाव किया गया है इसका मुख्य प्रभाव वाशी और पनवेल के बीच लोकल ट्रेन सेवाओं पर पड़ेगा, जो इस अवधि में पूरी तरह से बंद रहेंगी।

कुछ ट्रेनें निर्धारित स्टेशनों तक ही चलेंगी, जबकि कई सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। जैसे, बेलापुर से रात 8:54 बजे सीएसएमटी जाने वाली लोकल ट्रेन वाशी तक ही जाएगी, और रात 9:16 बजे की बेलापुर-सीएसएमटी लोकल वडाला रोड तक ही चलेगी।

इसी तरह, बांद्रा से सीएसएमटी के लिए रात 10:00 बजे चलने वाली लोकल को वडाला रोड पर रोक दिया जाएगा। पनवेल से रात 10:55 बजे और 11:32 बजे वाशी के लिए छूटने वाली लोकल ट्रेनें नेरुल तक ही संचालित होंगी।

ब्लॉक के कारण, वाशी से सुबह 4:03, 4:15, 4:25, 4:37, 4:50 और 5:04 बजे छूटने वाली अप लोकल सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। सीएसएमटी से रात 9:50, 10:14 और 10:30 बजे छूटने वाली डाउन लोकल सेवाएं भी रद्द रहेंगी।

यात्रियों से असुविधा से बचने के लिए यात्रा योजना बनाने से पहले संशोधित समय-सारिणी की जांच करने का अनुरोध किया गया है। यह ब्लॉक वाशी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) सिस्टम के कमीशनिंग के लिए आवश्यक है।

# मुंबईः गोरेगांव में 27 करोड़ में बना फ्लाईओवर 6 साल में तोड़ने की तैयारी, बीएमसी के फैसले से लोगों में आक्रोश

(जीएनएस)।
बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने गोरेगांव पश्चिम स्थित वीर सावरकर फ्लाईओवर को तोड़ने और नए सिरे से बनाने की योजना बनाई है, (आज तक के रिपोर्ट के अनुसार) लेकिन ये प्लानिंग स्थानीय निवासियों को रास नहीं आ रही है.ये फ्लाईओवर 2018 में 27 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ था और तब से इलाके में ट्रैफिक की समस्या काफी हद तक कम हुई है.अब BMC का कहना है कि ये फ्लाईओवर मुंबई कोस्टल रोड परियोजना के दूसरे चरण के रास्ते में आ रहा है, इसलिए इसे ध्वस्त करना जरूरी है.

मलाड पश्चिम से कांग्रेस विधायक असलम शेख ने BMC के इस कदम को लेकर नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि ये जनता के पैसे की बबार्दी है. लगता है कि सरकार चुनाव से पहले BMC के फंड से जितना पैसा निकाल सकती है, निकालना चाहती है. इस पुल को तोड़ने से ट्रैफिक और



बढ़ेगा. BMC को इस निर्णय पर फिर से विचार करना चाहिए और विकल्प तलाशने चाहिए.

वहीं, ALM माइंडस्पेस मलाड के अध्यक्ष शहजाद रुस्तमजी ने भी इसे एक गलत कदम बताया. उन्होंने कहा कि अगर यह फ्लाईओवर तोड़ा गया, तो हाईवे तक पहुंचने में 45 मिनट या उससे ज्यादा लगेंगे. इससे रियल एस्टेट की कीमतें और स्थानीय व्यापार प्रभावित होंगे. बीएमसी को इस फैसले पर दोबारा सोचने की जरूरत है.

क्यों जरूरी है फ्लाईओवर को तोड़ना?

BMC का तर्क है कि यह फ्लाईओवर मुंबई कोस्टल रोड के फेज-2 और गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (GMLR) के प्रस्तावित जुड़ाव के आड़े आ रहा है. अधिकारियों का कहना है कि जब यह फ्लाईओवर बनाया गया था, तब कोस्टल रोड योजना अस्तित्व में नहीं थी. अब नए ट्रैफिक नेटवर्क को देखते हुए डबल-डेकर फ्लाईओवर का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जो माइंडस्पेस और डिंडोशी को जोड़ेगा.

क्या है मौजूदा स्थिति?

फिलहाल यह फ्लाईओवर वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (हएल्ल) से गोरेगांव और मालाड को सीधे जोड़ता है, और यात्रा समय 45 मिनट से घटकर 10 मिनट हो गया है. इसके टूटने से पश्चिमी उपनगरों में भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन सकती है. इटउ के अनुसार किसी भी नवनिर्मित पुल की संरचनात्मक उम्र कम से कम 20

# ईमानदार और शिक्षित समाजसेवियों को मंच देने की पहल – लखनऊ में हुई विशेष बैठक

लखनऊ, 6 अगस्तः
PECT कार्यालय, 114 इंसाफ नगर, पानीगांव, इंदिरा नगर लखनऊ में आज पुराने ढरढछ साथियों की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक का आयोजन जनाब मोहम्मद जर्रार हुसैन के आह्वान पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता जनाब मुर्तजा अली ने की।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में ईमानदार, शिक्षित, और दीनी सोच रखने वाले लोगों को एक सशक्त मंच प्रदान किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य ऐसे लोगों को आगे लाना है, जो सच्चे मन से समाज की सेवा करना चाहते हैं।बैठक में शामिल प्रमुख व्यक्तित्वों में जनाब आमिर खालिद खान, रवि कुमार अजय, यासिर हयात, मोहम्मद सईक सिद्दीकी, सैय्यद साबिर, मोहम्मद ताज, शोएब चौधरी, मुमताज राईनी, रब्बानी, पीसी कुरील, और सुभाष गौतम आदि शामिल रहे।



इस अवसर पर एक चार सदस्यीय चयन समिति का गठन भी किया गया है, जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 30 सक्रिय एवं योग्य प्रतिनिधियों का चयन करेगी।

चयन समिति के सदस्य श्री आमिर खालिद खान ,श्री मोहम्मद जर्रार, श्री यासिर हयात , श्री रवि कुमार संस्था में जुड़ने के इच्छुक लोग निम्नलिखित संपर्क नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं:

📞 9984907988, 9452560342, 8795837676, 991820032

यह पहल उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है, जो बिना दिखावे के समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक भूमिका निभाना चाहते हैं।

# जन्नत जुबैर, ऐक्टर इनामुलहक, रीवा अरोड़ा सहित कई हस्तियों की उपस्थिति में जेवेदा (ZEVEDA) ऑर्गेनिक्स स्किनकेयर प्रोडक्ट लॉन्च




मुम्बई.. मुम्बई में एक भव्य समारोह में कई हस्तियों की उपस्थिति में जेवेदा `एशएऊअ ऑर्गेनिक्स स्किनकेयर प्रोडक्ट लॉन्च किया गया. इस मौके पर जन्नत जुबैर, ऐक्टर इनामुलहक, रीवा अरोड़ा, गायक अल्तमश फरीदी, शादाब फरीदी, दिलीप सेन, निर्देशक अभिषेक दुधैया, संगीतकार राशिद खान, मॉडल स्मिता गोंडकर ऐक्टर क्ला'ठील्लू१ भरत मदान, हीरा मंडी लेखक मोइन बेग, अभिनेत्री भूमिका कलीता, क्ला'ठील्लू१ रजी शेख सहित कई हस्तियां मौजूद थीं. सहारनपुर उत्तरप्रदेश से आए गेस्ट ऑफ ऑनर थे हजरत सूफी चांद मियां साहब. जेवेदा के एमडी उमर खान हैं जबकि कंपनी के डायरेक्टर हैं गौरव खेतरपाल, अजय कुमार गांधी. पद्मश्री उस्ताद गुलफाम अहमद साहब ने यहां लाइव परफॉर्म किया. सभी मेहमानों का स्वागत और सम्मान किया गया. महमूद अली, डॉन सिनेमा के संस्थापक ने इस कार्यक्रम को होस्ट किया. त्वचा की देखभाल करने के मामले में जेवेदा के प्रोडक्ट एक नई उम्मीद, एक नई चमक लेकर आए हैं. यह एक खूबसूरत शाम बन गई. इस स्किनकेयर प्रोडक्ट के लॉन्च पर हजरत सूफी चांद मियां साहब ने ढेरों दुआएं दीं. जेवेदा के एमडी उमर खान ने कहा कि आज जेवेदा सौंदर्य और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नए सफर की शुरूआत कर रहा है। हमें खुशी है कि आप सभी इसका हिस्सा बन रहे हैं. मुम्बई जैसे व्यस्त शहर मे सभी मेहमानों और मीडिया वालों ने हमारे कार्यक्रम के लिए समय निकाला सभी का शुक्रिया. जेवेदा के ऑफिशियल प्रमोशन वीडियो में खूबसूरत, युवाओं की आइकॉन और सोशल मीडिया सनसनी जन्नत जुबैर रहमानी हैं. कंपनी के डायरेक्टर गौरव खेतरपाल ने कहा कि जेवेदा स्किनकेयर लॉन्च इवेंट को यादगार बनाने के लिए हमारे सभी खास मेहमानों, हमारे मीडिया वालों का धन्यवाद।`एशएऊअ आपकी त्वचा की प्राकृतिक और खूबसूरती से देखभाल करने के लिए मौजूद है।

# झाड़ियों में मिला अज्ञात बच्चे का शव, इलाके में सनसनी

(जीएनएस)।
बिजनौर।
थाना नजीबाबाद क्षेत्र की कछियाना बस्ती उस समय दहशत और सन्नाटे में डूब गई, जब वहां झाड़ियों के बीच एक अज्ञात बच्चे का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। शव की हालत देखकर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिस पर उपनिरीक्षक अनीस खान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन बच्चे की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव की हालत बेहद खराब थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह एक सप्ताह पुराना हो सकता है।

पुलिस का मानना है कि शव संभवतः मालन नदी में बहकर आया और पानी उतरने के बाद झाड़ियों में फंस गया। मृतक की उम्र करीब 10 से 12 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और शिनाख्त की कोशिशें जारी हैं। पुलिस ने सभी थानों को सूचना भेज दी है और आसपास के गांवों में लापता बच्चों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# आज सूरज नहीं देखेगा शंकरलाल'–धमकी देकर निकला आरएसी जवान, लेबर इंस्पेक्टर की दिनदहाड़े हत्या

(जीएनएस)।
राजस्थान की राजधानी जयपुर में सनसनीखेज वारदात में लेबर इंस्पेक्टर शंकरलाल बलाई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर कोई और नहीं, बल्कि दिल्ली में तैनात राजस्थान सशस्त्र पुलिस (RAC) का सिपाही अजय कटारिया था। इस घटना ने राज्यभर में खलबली मचा दी है। आरोपी ने खुद ही पुलिस थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। बुधवार को आरोपी से पुलिस पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। परिजनों ने बगरू अस्पताल में धरना देकर प्रदर्शन किया।

हैरान करने वाली बात ये है कि इस वारदात से कुछ घंटे पहले ही आरोपी अजय ने जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में सिपाही पद पर कार्यरत अपनी पूर्व मंगेतर को फोन कर धमकी दी थी। बोला-"मैं दिल्ली से 50 कारतूस लेकर निकला हूं, शंकरलाल आज सूरज नहीं देखेगा।" मगर युवती ने सोचा कि यह अजय की एक और गुस्से में कही गई बात है, और उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

कैसे अंजाम दी गई वारदात?

जयपुर पुलिस के मुताबिक, फअउ जवान अजय कटारिया सोमवार को दिल्ली स्थित अपनी बटालियन से ड्यूटी खत्म होते ही सरकारी SLR (Self Loading Rifle) और 50 राउंड कारतूस लेकर एक बैग में छुपा जयपुर रवाना हुआ। मंगलवार तड़के सिंधी कैंप बस स्टैंड पहुंचा, ऑफलाइन टैक्सी बुक की और बगरू में शंकरलाल के घर की ओर बढ़ गया।



सुबह करीब 6:30 बजे जब शंकरलाल अपने घर के बाहर नीम की दातून से दांत साफ कर रहे थे, तब आरोपी पहले से वहां मौजूद था। दोनों में बहस हुई और अचानक अजय ने राइफल निकाल ली। शंकरलाल जान बचाने के लिए खाली प्लॉट की ओर भागे, लेकिन अजय ने दौड़ते हुए उनकी पीठ, गर्दन और जांघ में गोलियां दाग दीं। घटना के बाद आसपास के लोग और मृतक की पत्नी सरोज मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक शंकरलाल की मौत हो चुकी थी।

सगाई टूटने की रंजिश में मर्डर

जयपुर पुलिस जांच में सामने आया है कि अजय की सगाई उसी महिला सिपाही से हुई थी, जिसे उसने वारदात से पहले फोन किया था। सगाई करीब सात महीने पहले हुई थी, लेकिन बाद में अजय को शक हुआ कि युवती के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं। इसी शक के चलते अजय ने रिश्ता तोड़ दिया।

अजय को ये भी शक था कि शंकरलाल को इस संबंध की जानकारी थी और उसने युवती का साथ दिया, जिससे गुस्से में आकर उसने जान लेने की ठानी। आरोपी ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि शादी को लेकर मानसिक दबाव में था और इसी वजह से उसने यह कदम उठाया।

'पिता-बेटी जैसे संबंध' का भ्रम बना हत्याकांड की वजह?

इस केस में नया मोड़ तब आया जब सामने आया कि शंकरलाल और युवती का संबंध 'पिता-बेटी' जैसा था। दरअसल, शंकरलाल अपने दूर के रिश्तेदार पूरण मल के बच्चों की परवरिश कर रहे थे, जिनमें एक लड़की की सगाई अजय से हुई थी। बताया जा रहा है कि अजय द्वारा सगाई तोड़ने के बाद पूरण मल भी नाराज था और उसने अजय को शंकरलाल के खिलाफ भड़काया। वारदात से एक दिन पहले अजय ने शंकरलाल की बेटी को भी फोन कर धमकी दी थी कि वह अगली सुबह "कुछ बड़ा करने वाला है।"

सवालों के घेरे में पुलिस तंत्र

इस वारदात ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ड्यूटी के बाद सरकारी हथियार कैसे साथ ले जा सका सिपाही? धमकी मिलने के बावजूद महिला सिपाही ने इसकी सूचना क्यों नहीं दी? 50 कारतूस और सर्विस राइफल लेकर दिल्ली से जयपुर पहुंच रहे सिपाही को रास्ते में किसी ने क्यों नहीं रोका?

पुलिस जांच जारी, आरोपी ने किया सरेंडर

वारदात को अंजाम देने के बाद अजय फरार हो गया लेकिन कुछ ही घंटों में उसने फुलेरा थाने में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर हत्या, अवैध हथियार प्रयोग और साजिश के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद वाटिका इन्फोटेक सिटी इलाके में दहशत का माहौल है और सोसायटी में रहने वाले लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए।

# उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान लखनऊ इकाई की नई कार्यकारिणी की बैठक आर0 के0 चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी

उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान जनपदीय ईकाई लखनऊ की मीटिंग आर0 के0 चतुर्वेदी, पुलिस महानिरीक्षक,से0नि0 की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। मीटिंग में कार्यकारणी समिति के अलावा 10 अन्य पेंशनर्स ने प्रतिभाग किया। व अपनी-अपनी व्यक्तिगत समस्याओं से अवगत कराया।

अतः उनके प्रार्थना पत्र लेकर सम्बंधित को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजे जाने के लिये आश्वस्त किया गया।



वर्तमान में चिकित्सा प्रतिपूर्ति की अधिकांश पत्रावलियां पुलिस आयुक्त, लखनऊ कार्यालय में लंबित हैं, अतः उनके यथा शीघ्र निस्तारण के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय से आये हुए लिपिक को निर्देशित किया गया और यह भी निर्देश दिए गए कि जो भी चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्बंधित पत्रावलियां निस्तारित हो जायें उनके आदेश की एक प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाये। पत्रावलियों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिस आयुक्त लखनऊ एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय लखनऊ से दूरभाष पर वार्ता कर एक अभियान चलाकर निस्तारण कराने हेतु अनुरोध भी किया गया है ।

# बिजनौर में बाढ़ का संकट, डीएम ने खुद संभाली कमान

(जीएनएस)।
बिजनौर।
जिले में मालन नदी के जलस्तर में वृद्धि और यूसुफपुर बखर तटबंध के ओवरटॉप होने के कारण कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर प्रशासन ने तत्काल बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं।





जिलाधिकारी ने बताया कि तटबंध से पानी गुजरने के कारण ग्राम धारूवाला, खजानपुर खादर, काजी वाला, नसरूल्लापुर हफीज, मधुसूदनपुर मसीद, बाकरपुर गढ़ी और रावली जैसे कई गांव जलभराव की चपेट में आ गए हैं। इन गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।

प्रशासन ने तुरंत एक्शन लेते हुए यूसुफपुर बखर तटबंध पर अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड अफजलगढ़ की निगरानी में युद्ध स्तर पर मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया है। जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही इन गांवों से जलभराव की समस्या समाप्त कर ली जाएगी।

बचाव कार्यों को गति देने के लिए जिले की सभी तहसीलों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। जहां-जहां पानी पहुंचा है, वहां राहत सामग्री, नाव और मेडिकल टीमों को तैनात किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को भी पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी प्रकार की महामारी की आशंका से निपटा जा सके।

जिलाधिकारी ने बिजनौर शहरी क्षेत्र का दौरा कर सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की और अधिशासी अधिकारी को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

# पुलिस आयुक्त के साथ व्यापारियों की बैठक, अवैध ई रिक्शा पर लगे अंकुश ट्रैफिक व्यवस्था हो बेहतर संदीप बंसल

(जीएनएस)।
लखनऊ- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के लखनऊ के कोर कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी की बैठक लखनऊ कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर के साथ संपन्न हुई ।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संदीप बंसल ने पुलिस आयुक्त से लखनऊ के सभी थानों में व्यापारियों को समुचित सम्मान दिए जाने व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की प्रत्येक माह बैठक सुनिश्चित किए जाने प्रमुख बाजारों एवं सराफा



के बाजारों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाए जाने लखनऊ में चल रहे अवैध ई-रिक्शा को बाहर किए जाने और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग की

बंसल ने स्वच्छ स्वस्थ पर्यावरण युक्त लखनऊ बनाने के लिए एक बार हटे हुए अतिक्रमण को दोबारा ना लगाया जाए उसके लिए संबंधित थाने के अधिकारियों को जिम्मेदारी दिए जाने और ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक किए जाने के लिए लखनऊ के समस्त व्यापारियों के साथ एक बैठक किए जाने का सुझाव दिया ।

पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर ने संगठन द्वारा दिए गए ज्ञापन को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सभी विषयों पर अपनी सहमति जताई और ई-रिक्शा सहित अतिक्रमण के बिंदुओं पर ठोस कार्यवाही करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए संगठन के साथ अति शीघ्र एक बैठक आयोजित की जाएगी।

पुलिस आयुक्त के साथ आयोजित बैठक में उपस्थित रहने वाले प्रमुख पदाधिकारी मे संगठन के राष्ट्रीय मंत्री एवं सराफा एसोसिएशन के मंत्री प्रदीप अग्रवाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, युवा के प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, डॉ रितेश श्रीवास्तव, संजयनिधि अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्तिथ रहें।

सुरेश छाबलानी अध्यक्ष

# पत्ते तोड़ते समय खड्डे में गिरा किशोर, पानी में डूबने से मौत

(जीएनएस)।
बिजनौर।
नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा जट में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की पानी में डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान अकबराबाद रोड निवासी अनिल वाल्मीकि के पुत्र आशीष के रूप में हुई है, जो सुबह बकरी के लिए पत्ते तोड़ने खेत की ओर गया था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पत्ते तोड़ते समय आशीष का पैर फिसलकर पास के गहरे पानी भरे खड्डे में चला गया, जिससे वह डूब गया। हादसे की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। आशीष के डूबने की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और दर्जनों ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए।

स्थानीय तैराक रिजवान समेत अन्य ग्रामीणों ने तत्काल खोजबीन शुरू की। करीब तीन घंटे की मेहनत के बाद आशीष का शव पानी से बाहर निकाला जा सका। मौके पर पहुंची पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

इस हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से खड्डों की साफ-सफाई और सुरक्षा के इंतजामों की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI

# सम्पादकीय

## उपराष्ट्रपति चुनने की सरगर्मी शुरू

उपराष्ट्रपति चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक गहमागहमी शुरू हो गई है। संसद के हालांकि दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के दलीय समीकरण में सत्तारूढ़ राजग के पास अपने उम्मीदवार को जीताने के लिए पर्याप्त संख्या तो है पर फिर भी लगता है कि इस बार यह चुनाव आसान नहीं होगा। विपक्ष चुनौती देने की तैयारी में लगा हुआ है। बेशक, विपक्ष चुनौती तो दे सकता है पर बिना बड़ी सेंध के उलटपेर करने की स्थिति में नहीं लगता। पर राजनीति अनिश्चिताओं का खेल है वुछ भी हो सकता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उपराष्ट्रपति के चुनाव में पार्टी लाइन पर कोई व्हिप जारी नहीं होगा। सांसदों को अपनी आत्मा के अनुसार वोट करने का अधिकार होता है। इसीलिए ऐसे चुनावों में व्रास वोटिंग का बड़ा खतरा रहता है। पहले बात करते हैं सत्ता पक्ष की। भाजपा और उनके सहयोगी दलों की। भाजपा चाहेगी कि उपराष्ट्रपति पद के लिए ऐसा उम्मीदवार चुना जाए जो उनका समर्थक हो और सरकार की लाइन पर चले। यह काम श्री जगदीश धनखड़ ने शुरू-शुरू में बाखूबी किया था।

यह और बात है कि उनका अंत अच्छा नहीं हुआ। उधर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाहती है कि जो भी उम्मीदवार हो वो संघ की पसंद व समर्थक हो।

वह सरकार की लाइन पर चलने वाला नहीं हो। एक नेता ने कहा कि पिछली बार जब धनखड़ को उपराष्ट्रपति बनाया गया था उस वक्त भी संघ परिवार में इसे लेकर चर्चा थी। इस बार लगभग सभी मान रहे हैं कि संघ अपनी विचारधारा को समझने वाला उम्मीदवार ही चाहता है। दक्षिण भारत की सियासी पार्टियां चाहती हैं कि जब राष्ट्रपति उत्तर से है तो कम से कम उपराष्ट्रपति तो दक्षिण भारत का हो। इससे देश में एकता आएगी। वहीं यह जानते हुए कि भाजपा का पलड़ा भारी है फिर भी कांग्रेस और इंडिया गठबंधन एक साझा उम्मीदवार उतारने की रणनीति पर काम कर रहा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अगस्त को डिनर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ मंथन करेंगे। सूत्रों का कहना है कि योजना बिहार या आंध्र प्रदेश के किसी नेता को उम्मीदवार बनाने की है जिससे भाजपा के दो सबसे बड़े सहयोगियों टीडीपी और जदयू को असमंजस में डाला जा सके। चुनाव के बहाने कांग्रेस की नजर विपक्षी एकता कायम कर शक्ति प्रदर्शन करने की और एनडीए को असमंजस में डालने पर है।

दरअसल, भाजपा अपने दम पर चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है। उसे हर हाल में अपने सबसे बड़े सहयोगियों जदयू-टीडीपी का समर्थन चाहिए।


कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि अगर विपक्ष का उम्मीदवार आंध्र प्रदेश या बिहार से हुआ तो क्षेत्रीय भावानाओं के साथ संतुलन बैठाने के लिए नीतीश वुमार और चंद्रबाबू नायडू उलझन में पड़ जाएंगे। आंध्र प्रदेश के ही वाईएसआरसीपी जिनके राज्यसभा में 7 सदस्य हैं, विपक्ष के साथ आ सकते हैं। अगर इस चुनाव में एक भी सहयोगी दल टूटता है तो राजग में पूट का संदेश जाएगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि भाजपा में भी इस मुद्दे पर एका नहीं है। संघ से जुड़े विचारधारा वाले भाजपा सांसद संघ के कहने पर अगर उम्मीदवार उन पर भाजपा हाई कमान द्वारा थोपा गया तो वह व्रास वोटिंग भी कर सकते हैं। हालांकि मेरी राय में यह मुश्किल होगा पर राजनीति में वुछ भी दावे से नहीं कहा जा सकता? ये किसी से छिपा नहीं कि भाजपा के अंदर एक तबका ऐसा भी है जो जिस तरह से जगदीप धनखड़ को अपमानित करके हटाया गया उससे वे खुश नहीं हैं।

सरकार से इस समय कांग्रेस के जिस तरह के रिश्ते हैं उसे देखकर लगता नहीं कि विपक्ष सरकार के उम्मीदवार का समर्थन करेगा। कांग्रेस के साथ सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के रिश्ते बहुत बिगड़े हुए हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ से कांग्रेस की कथित नजदीकियों को लेकर जिस तरह की कहानियां बनाईं गई उससे भी भाजपा खुश नहीं है। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष (इंडिया गठबंधन) उपराष्ट्रपति पद के लिए किसी ओबीसी या मुस्लिम नाम पर भी विचार कर रहा है। इंडिया गठबंधन के वुछ नेताओं का सुझाव है कि विपक्ष को उपराष्ट्रपति का चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई के रूप में लड़ना चाहिए।

# वर्ष 2024-25 में गुजरात की 246 से अधिक हैंडलूम को-ऑपरेटिव सोसाइटियों ने 290 करोड़ रुपए से अधिक के हैंडलूम प्रोडक्ट्स की बिक्री की

**गुजरात सरकार की पैकेज योजना अंतर्गत हैंडलूम उत्पादों की बिक्री पर हैंडलूम सहकारी मंडलियों को मिलती है 5 प्रतिशत बिक्री पर मुआवजा सहायता, महिला सहकारी मंडलियों को 15 प्रतिशत बिक्री पर मुआवजा सहायता**

**हथकरघा के बुनकरों को संबल देने तथा गुणवत्तायुक्त उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने परिवर्तनकारी योजनाएँ लागू की हैं**





गांधीनगर, 06 अगस्त :मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात के हथकरघा बुनकरों की कारीगरी तथा उनकी समृद्ध विरासत को संबल-सहयोग देकर उनका आर्थिक उत्थान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ लागू की गई हैं। हैंडलूम सोसाइटियों के उत्थान के निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा पैकेज स्कीम क्रियान्वित है। यह पहल सहकारिता अधिनियम अंतर्गत पंजीकृत औद्योगिक सहकारी मंडलियों को संबल-सहयोग देती है। इसके अंतर्गत हैंडलूम प्रोडक्ट्स यानी हथकरघा उत्पादों की बिक्री पर मुआवजा सहायता दी जाती है। वर्ष 2024-25 की बात करें, तो इस योजना अंतर्गत राज्य की 246 से अधिक हैंडलूम को-ऑपरेटिव सोसाइटियों (हथकरघा सहकारी मंडलियों) ने लाभ प्राप्त किया है। इसके फलस्वरूप 290 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के हैंडलूम प्रोडक्ट्स की बिक्री हुई है। यह दशार्ता है कि गुजरात में हैंडलूम सेक्टर का निरंतर विकास हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि हथकरघा बुनकरों का सम्मान करने तथा भारत में हथकरघा उद्योग को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वर्ष 2015 से 7 अगस्त को ह्वनेशनल हैंडलूम डेह्व यानी ह्वराष्ट्रीय हथकरघा दिवसह्व के रूप में घोषित किया है। यह दिवस हथकरघा के सांस्कृतिक, परंपरागत एवं आर्थिक महत्व को उजागर करता है। प्रधानमंत्री ने कहा है, ह्वसरकार उसके बुनकरों को विश्व का सबसे बड़ा बाजार प्रदान करने के लिए स्पष्ट रणनीति के साथ कार्य कर रही है ह्व

पैकेज स्कीम अंतर्गत हैंडलूम सोसाइटियों को हैंडलूम उत्पादों की बिक्री पर मिलती है मुआवजा सहायता

त्योहारों के दौरान हथकरघा पर उत्पादित होने वाली वस्तुओं की बिक्री बढ़ाने तथा उन्हें बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए गुजरात सरकार द्वारा रिबेट (पैकेज) स्कीम लागू की गई है। हथकरघा उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक एवं सुलभता बढ़ाने के लिए इस योजना अंतर्गत गुजरात सरकार हथकरघा सहकारी मंडलियों द्वारा की जाने वाली बिक्री पर मुआवजा सहायता देती है।

हथकरघा सहकारी मंडलियों को हथकरघा के उत्पादों की बिक्री पर 5 प्रतिशत मुआवजा सहायता मिलती है, जबकि महिला सहकारी मंडलियों को बिक्री पर 15 प्रतिशत मुआवजा सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त; महिला सहकारी मंडलियों के लिए वार्षिक 120 दिन की समयावधि के लिए बिक्री पर 15 प्रतिशत व 20 प्रतिशत की विशेष मुआवजा सहायता दी जाती है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के इन प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2024-25 में 246 से अधिक हथकरघा सहकारी मंडलियों ने 290 करोड़ रुपए से अधिक के हथकरघा उत्पादों की बिक्री की है। इस बिक्री पर राज्य सरकार द्वारा इन सहकारी मंडलियों को 73.82 करोड़ रुपए की मुआवजा सहायता दी गई है, जो हथकरघा बुनकरों के उत्थान की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दशार्ता है।

हथकरघा बुनकरों को संबल-सहयोग देने के लिए गुजरात सरकार की परिवर्तनकारी योजनाएँ

गुजरात सरकार ने हथकरघा बुनकरों को संबल-सहयोग देने, गुणवत्तायुक्त उत्पादन सुनिश्चित करने, बाजार प्रतिस्पर्धात्मकता सुधारने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए परिवर्तनकारी योजनाएँ लागू की हैं। इन योजनाओं में निम्नलिखित शामिल हैं :

हथकरघा की शीर्षस्थ संस्थाओं को विज्ञापन एवं प्रचार के लिए सहायता :

इस योजना अंतर्गत राज्य की शीर्षस्थ हथकरघा संस्थाओं तथा गुजरात राज्य हथकरघा एवं हस्तकला विकास निगम को गुजरात राज्य एवं राज्य से बाहर प्रदर्शनियों में भाग लेने और विज्ञापनों एवं प्रचार-प्रसार करने के लिए सहायता दी जाती है। शीर्षस्थ संस्थाओं को राज्य में प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए 70,000 रुपए तक तथा राज्य से बाहर प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए 1,50,000 रुपए तक की सहायता दी जाती है। इसके अतिरिक्त; उन्हें विज्ञापनों के लिए वार्षिक 1,00,000 रुपए तथा मेलों व प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए 25,000 रुपए की अतिरिक्त सहायता मिलती है। यह योजना हथकरघा उत्पादों प्रोत्साहन देती है और बुनकरों के रोजगार को गति देती है।

मिल गेट प्राइस स्कीम :-

यह योजना सुनिश्चित करती है कि बुनकर उच्च गुणवत्तायुक्त प्रोडक्ट्स का उत्पादन करें, बाजार मूल्य में वृद्धि करें तथा बुनकरों के लिए अधिक रोजगार का सृजन हो। इस योजना अंतर्गत राज्य के मान्यता प्राप्त डिपो के माध्यम से खरीदे गए गुणवत्तायुक्तयार्न (सूत) पर 15 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है।

बाजार में प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण

राज्य सरकार के गुजरात राज्य हथकरघा एवं हस्तकला विकास निगम द्वारा बुनकरों के कौशल विकास के लिए बुनकरों को अल्पकालिक व दीर्घकालिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें प्रति प्रशिक्षु 4500 रुपए मासिक स्टाइपेंड भी दिया जाता है। मूल्यवर्धित उत्पाद, डिजाइन तथा प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए निगम द्वारा वीवर्स सर्विस सेंटर, एनआईडी तथा एनआईएफटी (निफ्ट) के साथ सहयोग किया जाता है, जिससे हथकरघा उत्पाद मिलों एवं पावरलूम्स के उत्पादों के समक्ष बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिके रहें।

इसके अतिरिक्त; हथकरघा उत्पादों की दृश्यता बढ़ाने के लिए व्यापक विपणन (मार्केटिंग) प्रयास भी किए जाते हैं। इनमें होर्डिंग्स, कियोस्क, वॉल पेंटिंग्स, रोड शो, फैशन शो आदि द्वारा प्रचार-प्रसार शामिल हैं। हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग गुजरात के भीतर व बाहर ह्वगरवी-गुर्जरीह्व ब्रैंड द्वारा ई-कॉमर्स तथा एम्पोरिया चेन द्वारा किया जाता है। इतना ही नहीं; इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन कॉटेज (इंडेक्स्ट-सी) द्वारा आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों तथा एक्सपो के माध्यम से हथकरघा उत्पादों की पहुँच को अधिक विस्तृत किया जाता है।

# 'वाक्य प्रतियोगिता': अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय में अंतर-महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 2025 —

अगस्त क्रांति दिवस, जो सन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत का दिन है, के उपलक्ष्य में, हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति एवं अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान (अकाए) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय के सहयोग से 6 अगस्त, 2025 को 'वाक्य प्रतियोगिता' नामक एक विचारोत्तेजक अंतर-महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रायोजित था।

प्रतियोगिता के विषय, '1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में युवाओं की भूमिका' ने छात्रों को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में युवा स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया।





कार्यक्रम के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में माननीया लोकसभा सांसद और राष्ट्रमंडल महिला सांसद समिति की अध्यक्षा श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी मुख्य अतिथि रहीं। उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व संसद सदस्या प्रो. रीता बहुगुणा जोशी विशिष्ट अतिथि रहीं, इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम कुमरिया ने समारोह की अध्यक्षता की। हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति, उत्तर प्रदेश के सचिव देव वर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुई। कार्यक्रम में सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता हेमवती नंदन बहुगुणा के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर एक लघु वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री राजेश मेहता, पूर्व अध्यक्ष, गवर्निंग बॉडी, मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और श्री राजेश गोयल, अध्यक्ष, अखिल भारतीय शिक्षा सोसायटी (अकाए) भी शामिल रहे। यह प्रतियोगिता अकाए द्वारा आयोजित भाषिक विषयक कार्यक्रमों की राष्ट्रीय शृंखला का तीसरा संस्करण था, जिसके पिछले सत्र संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में आयोजित किए गए थे।

अपने मुख्य भाषण में, श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी ने भारत छोड़ो आंदोलन की स्थायी प्रासंगिकता पर विचार प्रकट किए और स्वतंत्रता तथा आत्मनिर्भरता के मूल्यों पर जोर दिया जो आज भी भारत के युवाओं में गूंजते हैं। उन्होंने कहा, "यह स्थायी विरासत न केवल स्वतंत्रता सेनानियों को बल्कि उन हजारों गुमनाम नायकों को भी सम्मानित करती है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी कहानियाँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।"

विशिष्ट अतिथि प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं और युवाओं की भूमिका पर एक प्रभावशाली भाषण दिया। अपने पिता, हेमवती नंदन बहुगुणा के दूरदर्शी नेतृत्व को याद करते हुए, उन्होंने क्रांति की परिवर्तनकारी प्रकृति और पूर्ण स्वराज की खोज के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "जब समृद्धि और खुशहाली होगी, तो स्वराज भारत के हर घर तक पहुँचेगा और पूरे देश को सशक्त बनाएगा।" इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम कुमरिया ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और आलोचनात्मक सोच, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा देने वाली शिक्षा के प्रति महाविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अतीत को आज के युवाओं की आकांक्षाओं से जोड़ते हुए भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया।

इस प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय के 17 से अधिक महाविद्यालयों से कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्र वक्ताओं ने स्पष्ट और भावपूर्ण भाषणों की प्रस्तुति दी, जिनमें ऐतिहासिक अंतर्दृष्टि, समकालीन प्रासंगिकता और वाक्पटुता की उत्कृष्टता झलकती थी। एक छात्रा ने स्वतंत्रता को "1942 के युवाओं के खून, पसीने और आँसुओं से हस्ताक्षरित एक खाली चेक" के रूप में वर्णित किया। अन्य ने विकसित भारत के मार्ग के बारे में बात की और इस बात पर जोर दिया कि स्वतंत्रता एक अधिकार है, न कि एक अनुरोध।

यह कार्यक्रम देशभक्ति के जोश, युवा दृढ़ संकल्प और भारत की लंबी और निरंतर लोकतांत्रिक यात्रा की जीवित स्मृति के साथ संपन्न हुआ।

# राजनीति से अदालत तक: भाजपा की पूर्व प्रवक्ता आरती साठे बनीं जज, पहले कौन- कौन से राजनीतिज्ञ बन चुके हैं जज?

(जीएनएस)।

बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायाधीश पद पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता आरती सेठी की नियुक्ति को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में बवाल मच गई है। विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा अधिवक्ता आरती अरुण साठे को बॉम्बे हाई कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश पर आपत्ति जताई है। कॉलेजियम ने 28 जुलाई को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि न्यायपालिका, जो कभी लोकतंत्र की प्रहरी थी, अब राजनीतिक संरक्षण का रंगमंच बनती जा रही है।

कांग्रेस ने जहां इस नियुक्ति को "न्यायिक अखंडता के लिए मौत" करार दिया हैं और टीएमसी ने कहा जब जज का पद कानूनी कौशल के बजाय पार्टी के प्रति निष्ठा का पुरस्कार बन जाए, तो न्यायिक अखंडता का क्या होगा? वहीं एनसीपी (एसपी) ने इस नियुक्ति को लोकतंत्र पर बड़ा हमला बताया और कहा जब सार्वजनिक मंच पर सत्ताधारी दल का पक्ष रखने वाली व्यक्ति को जज बनाना न्याय की पूरी प्रक्रिया पर संदेह पैदा करता है और संविधान द्वारा दी गई शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत को कमजोर करता है।

हालांकि ये पहली बार नहीं हैं कि जब राजनीतिक बैकग्राउंड वाले शख्स को न्यायिक पद पर नियुक्त किया गया है। पूर्व के कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं, अब तक कई राजनेता, मंत्री समेत राजनीतिक दलों के पदाधिकारी न्यायाधीश नियुक्त किए जा चुके हैं। जानिए आरती साठे से पहले कौन-कौन से राजनीतिक नियुक्त किए जा चुके हैं न्यायाधीश?

जस्टिस विक्टोरिया गौरी

फरवरी 2023 में एडवोकेट विक्टोरिया गौरी को मद्रास हाई कोर्ट का एडिशनल जज नियुक्त किया गया। गौरी की नियुक्ति के बाद भी ऐसे ही भाजपा से उनके ताल्लुक होने पर सवाल उठे थे। गौरी ने तब मदुरै में असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल के रूप में काम किया था। हालांकि आरोपों से घिरने के बाद उन्होंने स्पष्ठ किया था कि सितंबर 2020 में पदभार ग्रहण करने से लगभग तीन महीने पहले, उन्होंने बीजेपी के सभी पदों और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।




जस्टिस के.एस. हेगड़े

1935 में जस्टिस के.एस. हेगड़े भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए। 1952 में दो साल के कार्यकाल के लिए और 1954 में छह साल के कार्यकाल के लिए राज्यसभा के लिए चुने गए। 1966 में दिल्ली हाई कोर्ट की स्थापना के समय जस्टिस पहले चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए थे। अगस्त 1957 में, उन्होंने मैसूर हाई कोर्ट के जज बनने के लिए राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। 1966 में दिल्ली हाई कोर्ट की स्थापना के समय वे इसके पहले चीफ जस्टिस बने। 1967 में हेगड़े को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किया गया अप्रैल 1973 में उनके अतिक्रमण के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

जज वी.आर. कृष्ण अय्यर

सुप्रीम कोर्ट के जज वी.आर. कृष्ण अय्यर मद्रास और बाद में केरल विधानसभा के लिए तीन बार चुने गए और 1965 तक सक्रिय राजनीतिज्ञ रहे। 1956 में, अय्यर कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थन से एक निर्दलीय विधायक के रूप में मद्रास विधानसभा के लिए चुने गए। राज्यों के पुनर्गठन के बाद, वे केरल विधानसभा के लिए चुने गए होम मिनिस्ट्री समेत अन्य विभागों का मंत्री नियुक्त किया गया। 1968 में उन्हें केरल हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया। 1971 से 1973 तक वे विधि आयोग के सदस्य रहे और 1973 में भारत के सुप्रीम कोर्ट के जज बने। 1999 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

जस्टिस बहारुल इस्लाम

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रह चुके हैं उन्होंने 1972 में, राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया और उसी साल तत्कालीन असम और नागालैंड हाई कोर्ट के जज नियुक्त किए गए।राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। जस्टिस बहारुल इस्लाम ने 1951 में असम हाई कोर्ट में एक वकील के रूप में शुरूआत की। आठ साल बाद, वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। कांग्रेस ने उन्हें 1962 में पहली बार और 1968 में दूसरी बार राज्यसभा भेजा, 7 जुलाई, 1979 को वे गुवाहाटी हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने और 1 मार्च, 1980 को रिटायर हुए। कुछ महीनों बाद, उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया। 4 दिसंबर 1980 को पदभार संभाला और 1 मार्च 1983 को रिटायर होने वाले थे। जनवरी 1983 में, अपने कार्यकाल के समाप्त होने से दो महीने पहले, इस्लाम ने असम के बारपेटा से कांग्रेस (आई) के उम्मीदवार के रूप में लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट के जज के पद से इस्तीफा दे दिया।

जस्टिस आफताब आलम

जस्टिस आफताब आलम पटना हाई कोर्ट में अपनी पहली नियुक्ति से कुछ साल पहले तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य थे। 27 जुलाई, 1990: पटना हाईकोटर्ट जज, 6 जून 2007 : जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट में स्थानांतरण कर कार्यवाहक चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया। सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत, 12 नवंबर 2007 को पद ग्रहण किया।

जस्टिस एस. रत्नावेल पांडियन

जस्टिस एस. रत्नावेल पांडियन ने कुछ समय तक डीएमके में काम किया।

1962 में अंबासमुद्रम से विधानसभा चुनाव लड़ा और हार गए।

नौ साल बाद, वे चेरनमहादेवी चुनाव लड़े और हार गए और राजनीति को अलविदा कह दिया ।

उस समय रत्नावेल पांडियन अविभाजित तिरुनेलवेली जिले के डीएमके सचिव थे।

अगस्त 1971 में उन्हें मद्रास हाई कोर्ट में राज्य लोक अभियोजक नियुक्त

फरवरी 1974 में उसी हाई कोर्ट के जज के रूप में पदोन्नत होने तक वे इस पद पर रहे।

रत्नावेल पांडियन कुछ समय के लिए कार्यवाहक एडवोकेट जनरल भी रहे।

1974 में उन्हें मद्रास हाई कोर्ट का जज नियुक्त हुए।

1988 से 1994 तक वे सुप्रीम कोर्ट में जज रहे।

एफ.आई. रेबेलो

1996 में बॉम्बे हाई कोर्ट के जज नियुक्त होने से पहले एफ.आई. रेबेलोगोवा में जनता पार्टी के विधायक थे।

2010-11 में वे इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने।

जस्टिस पी.बी. सावंत

जस्टिस पी.बी. सावंत वकील के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान महाराष्ट्र में किसान एवं श्रमिक पार्टी के सदस्य थे।

1973 में,बॉम्बे हाई कोर्ट का जज नियुक्त हुए थे।

1989 से 1995 तक, भारत के सुप्रीम कोर्ट के जज का पद संभाला।

# एचडीएफसी बैंक ने नागरिकों को एपीके धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश साझा किया

मुंबई, : भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एपीके (एंड्रॉइड पैकेज किट) धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी है। इसका उद्देश्य ग्राहकों की सुरक्षा के लिए ऐसी धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एपीके घोटाले में धोखेबाज आमतौर पर बैंक कर्मचारियों या सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करके सोशल इंजीनियरिंग रणनीति का इस्तेमाल करते हैं। इसमें संदेश प्राप्तकर्ता को एक फजी एपीके फाइल प्राप्त होती है जो विश्वसनीय स्रोतों से होने का दावा करती है। जब कोई व्यक्ति इन फाइलों को इंस्टॉल करता है तो धोखेबाज उनके फोन पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लेता है। फिर धोखेबाज कॉल और टेक्स्ट संदेशों को किसी अन्य डिवाइस पर रीडायरेक्ट कर सकता है और पीड़ितों के फोन से डेटा चुरा सकता है। धोखेबाज पीड़ित के बैंक खाते(खातों) तक भी पहुँच सकते हैं और उनकी सहमति के बिना लेनदेन कर सकते हैं। यह घोटाला कैसे काम करता है: धोखेबाज फोन कॉल, ईमेल या संदेशों के जरिए ग्राहकों से संपर्क करते हैं और दावा करते हैं कि वे बैंक से हैं और उनका केवाईसी तुरंत अपडेट करना जरूरी है। वे ग्राहकों में जल्दबाजी की भावना और खाते के ब्लॉक होने का डर पैदा करते हैं। इसके बाद धोखेबाज बैंक के लोगो वाले फजी एपीके लिंक शेयर करते हैं और ग्राहकों से इसे इंस्टॉल करने के लिए कहते हैं। इंस्टॉल होने के बाद, ऐप उन्हें व्यक्ति का खाता नंबर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी या ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी दर्ज करने के लिए कहता है, जिन्हें तुरंत चुरा लिया जाता है और धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए उनका दुरुपयोग किया जाता है। ख. धोखेबाज परिवहन प्राधिकरण (आरटीओ) का रूप धारण करके लंबित ई-चालान से संबंधित फजी संदेश और ईमेल भी भेज सकते हैं। इन संदेशों में दुर्भावनापूर्ण एपीके लिंक होते हैं और क्लिक करने पर पीड़ित के फोन से छेड़छाड़ की जा सकती है। एपीके धोखाधड़ी से खुद को बचाने के सुझाव - ड्ट सोशल मीडिया, एसएमएस या ईमेल के जरिए प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें या ऐसे ऐप्स/फाइलें इंस्टॉल न करें जो आरटीओ, आयकर विभाग या बैंक अधिकारियों जैसी संस्थाओं से होने का दावा करते हों। ड्ट सुनिश्चित करें कि आपके डिवाइस में विश्वसनीय एंटीवायरस या एंटी-मैलवेयर सॉफ़्टवेयर हो जो हानिकारक फाइलों का पता लगा सके और उन्हें ब्लॉक कर सके। ड्ट किसी अनजान व्यक्ति के कॉल रिक्वेस्ट पर थर्ड-पार्टी ऐप्स डाउनलोड न करें। केवल विश्वसनीय स्रोतों या आधिकारिक वेबसाइटों से ही ऐप्स डाउनलोड करें। ड्ट संबंधित आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से संदेश/ईमेल की वैधता की पुष्टि करें। ड्ट धोखाधड़ी/संदिग्ध कॉल, संदेशों की रिपोर्ट चक्षु पोर्टल पर या संचार साथी मोबाइल ऐप के माध्यम से करें। एचडीएफसी बैंक ग्राहकों से 'डिजिटल गिरफ्तारी' धोखाधड़ी जैसे घोटालों से भी सतर्क रहने का आग्रह करता है, जहाँ धोखेबाज कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करते हैं और पीड़ितों को कथित कर चोरी, नियामक उल्लंघनों, वित्तीय कदाचार आदि जैसे कारणों से डिजिटल गिरफ्तारी वारंट की धमकी देते हैं। आमतौर पर देखी जाने वाली अन्य धोखाधड़ी में निवेश घोटाले शामिल हैं, जहाँ धोखेबाज नकली स्वचालित निवेश प्लेटफार्मों के माध्यम से और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रचारित शेयरों, आईपीओ, क्रिप्टोकरेंसी आदि में निवेश पर असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करते हैं। धोखेबाज जीटीएच - लालच, धमकी और मदद पद्धति का उपयोग करके धोखाधड़ी को जारी रखने के लिए पीड़ितों की भावनाओं को निशाना बनाते हैं। ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होने की स्थिति में पीड़ित को तुरंत बैंक को अनधिकृत लेनदेन की सूचना देनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने जनपद बरेली में लगभग 2,264 करोड़ रु0 की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**बरेली को नाथ कॉरिडोर के माध्यम से विशेष पहचान मिल रही, यह भगवान पार्श्वनाथ की पावन धरा भी : मुख्यमंत्री**

**नाथ कॉरिडोर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन ने जलाभिषेक के कार्यक्रम के साथ जुड़कर अपनी श्रद्धा को महादेव के चरणों में समर्पित किया**

**नाथ कॉरिडोर के अन्तर्गत विभिन्न मंदिरों के पर्यटन विकास से जुड़ी विकास योजनाओं की स्वीकृति से बरेली में आध्यात्मिक पर्यटन को एक नई गति मिलेगी**

**डबल इंजन सरकार तुष्टिकरण नहीं, बल्कि विकास के माध्यम से जनता-जनार्दन की संतुष्टि का माध्यम बन रही, विरासत को विकास कार्यों से जोड़ रही**

**जब अच्छी सरकार आती तो विकास और समृद्धि साथ लेकर आती**

**रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित 06 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित**

**प्रदेश ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेजह्न और ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्न के माध्यम से अपनी नई पहचान बना रहा**

**नये उ0प्र0 में सुरक्षा के साथ-साथ समृद्धि भी, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक गांव के किसानों, गरीबों, नौजवानों तथा नागरिकों को प्राप्त हो रहा**

**प्रदेश सरकार मेट्रो, हाइवे, एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट के नये मॉडल प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा रही**

**आगामी 08, 09 व 10 अगस्त को उ0प्र0 परिवहन निगम और नगर विकास की बसों में बहनों के लिए, एक सहयात्री के साथ, नि:शुल्क यात्रा की सुविधा**

**मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक व चाभी, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति-पत्र, टैबलेट आदि प्रदान किये**



लखनऊ : 06 अगस्त, 2025

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि बरेली को नाथ कॉरिडोर के माध्यम से विशेष पहचान मिल रही है। यह भगवान पार्श्वनाथ की पावन धरा भी है। यहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। बरेली में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने भारी बरसात के बावजूद उत्साह और उमंग के साथ कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपदवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्साह और उमंग विरासत और विकास के अभियान को नई गति देगा। यही गति बरेली की प्रगति का आधार बनेगी।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद बरेली में लगभग 2,264 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के पश्चात इस अवसर पर आयोजित जनसभा में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इसमें लगभग 1,259 करोड़ रुपये की 222 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा लगभग 1,005 करोड़ रुपये की 323 परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक व चाभी, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति-पत्र, टैबलेट, गैस चूल्हा आदि प्रदान किये। इस अवसर पर आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित 06 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन तथा बच्चों का अन्नप्राशन एवं महिलाओं की गोदभराई की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मुझे सावन माह में नाथ नगरी में आकर महादेव के चरणों में नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जब अच्छी सरकार आती है तो विकास और समृद्धि साथ लेकर आती है। वर्ष 2017 से पूर्व बरेली दंगाग्रस्त जनपद बन गया था, लेकिन वर्ष 2017 के बाद जनपद बरेली की पहचान नाथ कॉरिडोर से बन गयी है। डबल इंजन सरकार नाथ नगरी बरेली में भगवान शिव के प्राचीन मन्दिर बाबा अलखनाथ, त्रिवटीनाथ, बाबा बनखण्डीनाथ, बाबा धोपेश्वरनाथ, श्री तपेश्वरनाथ, श्री मणिनाथ और श्री पशुपतिनाथ मन्दिर कॉरिडोर को विकसित कर रही है, अब यह बरेली की पहचान बन गयी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछली सरकारें लोगों को आपस में बांटने का कार्य करती थीं। वोट बैंक के लिए राजनीतिक तुष्टिकरण का कार्य करती थीं। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं, लेकिन डबल इंजन सरकार तुष्टिकरण नहीं, बल्कि विकास के माध्यम से जनता-जनार्दन की संतुष्टि का माध्यम बन रही है।

# हरदोई जनपद के सकाहा मंदिर आए भक्तों की हुई चोरी

**भक्तों ने पुलिस पर लगाये हीलाहवाली का आरोप**



(जीएनएस)।

हरदोई। सकाहा मंदिर शिव दर्शन करने आई बुजुर्ग महिलाओं के कान से मंदिर के अंदर दर्शन करते समय कुंडल चोरी हो गए। महिलाओं का रो रोकर बुरा हाल महिला ने अपना नाम कटोरी ,दूसरी महिला का नाम राजवती जो थाना शाहाबाद गांव नहारिया की रहने वाली है महिलाओं ने बताया कि वह सकाहा शिव मंदिर दर्शन करने आई थी उसी बीच मंदिर के अंदर दर्शन करते समय महिलाओं के कान से कुंडल निकल लिए गए। पुलिस की बहुत बड़ी लापरवाही चोरों का हौसला इतना बुलंद हे कि मंदिर के अंदर कैमरे लगे होने के बावजूद भी हो रही चोरी पुलिस प्रशासन कर रहा बड़ी लापरवाही।

# प्रधान मंत्री किसान समृध्दि केन्द्र पेट्रोल टंकी रामकोट में सैकड़ो किसानों की उमड़ी भीड़

(जीएनएस)।

रामकोट सीतापुर।

प्रधान मंत्री किसान समृध्दि केन्द्र पेट्रोल टंकी रामकोट में सैकड़ो किसानों की भीड़ उमड पड़ी,केंद्र बंद होने से किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया। एक तरफ योगी सरकार किसानों के हित के लिए बड़े-बड़े वादे कर रही है ,वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार किसानों का शोषण करने से बाज नहीं आ रहे हैं। किसान एक एक बोरी खाद पानी के लिए भूखे प्यासे लाइनों में सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं। लेकिन शासन प्रशासन किसने की तरफ जरा सा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। भारतीय सिक्ख संगठन जिला अध्यक्ष गुरपाल सिंह ने बताया प्रधानमंत्री किसान समृद्धि यूरिया केंद्र दिनेश अग्रवाल सीतापुर का है, जब केंद्र पर 500 बोरी यूरिया खाद दिनांक 5/8/2025 को पहुंची तो किसान लेने के लिए गए तो उनके कर्मचारियों द्वारा कहा गया कि खाद कल बाटेंगे लेकिन कुछ ऐसी सूचनाए मिली रात 9:30 बजे इनके केंद्र सेउच्च दामों पर खाद लेकर कुछ लोग ले गए,जब किसान 6 अगस्त सुबह दुकान पर खाद लेने गए तो उनके कर्मचारी का फोन और दिनेश अग्रवाल का भी फोन बंद था ,कुछ किसानों द्वारा वीडियो बनाकर मुझे भेजा ,मैंने जिलाधिकारी और एसडीम सदर को मोबाइल के माध्यम से ज्ञापन भेजा, उसके बाद मेरी वार्ता भी हुई । वार्ता होने के बाद तत्पश्चात केंद्र पर नायब तहसीलदार और थाने की पुलिस फोर्स पहुंची,पहुंचने के बाद लगभग 1 घंटे बाद वहां दिनेश अग्रवाल और उनके कर्मचारी 1बजे पहुंचे तब खाद वितरण करना शुरू किया। इससे पहले भी कई बार केंद्र बंद मिला जब किसानों हंगामा काटा तो खाद वितरण का कार्य शुरू कराया गया, कार्यशैली पर सवालिया निशान उठ रहे ,लेकिन किसी अधिकारी ने इनका स्टॉक रजिस्टर और खाद की बोरियों की गिनती नहीं की इनके सीतापुर में बहुत बड़े-बड़े गोदाम है, जिनमें यूरिया और डीएपी भरी हुई है,सरकारी रेट से अधिक रेट पर खाद बेचने का आरोप लगाया । जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी से इनके सभी गोदामो की जांच कराने का भी आरोप लगाया, दिनेश अग्रवाल किसानो का शोषण करना बंद करें। यदि इनका यही रवैया रहा तो संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।






# शारदा नदी उफान पर , क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुसने से ग्रामीणों में मची त्राहि त्राहि

निघासन - खीरी ।

शारदा नदी का जलस्तर बढ़ जाने की वजह से स्थानीय तहसील क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने की आशंका प्रबल हो चुकी है , ग्राम पंचायत दौलतापुर में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है । हुलासी पुरवा से नौगवां को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग जलमग्न हो चुका है , सड़क पर गोली की रफ्तार से पानी का बहाव हो रहा है जिसकी वजह से आवागमन बाधित हो चुका है । ग्राम प्रधान दीपक जायसवाल , विनोद सिंह इदरीश , रफीक तथा सुनील कुमार आदि ने बताया कि बाढ़ का पानी धीरे-धीरे बढ़ रहा है इससे निचले हिस्से में स्थित गांव की फसले डूब चुकी हैं भविष्य को लेकर ग्रामीण बेहद चिंतित हैं । जानकारी के अनुसार प्रभावित



ग्रामों में बोटन पुरवा , सुरजी पुरवा नौगवां और यादव पुरवा में बाढ़ सबसे ज्यादा कहर ढाने को आतुर है। फसलों का भारी नुकसान हो चुका है नगवा से बंधन पर को जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता बाढ़ की भेंट चढ़ चुका है जलस्तर में लगातार वृद्धि होने पर स्थिति गंभीर हो गई है , ऐसे हालात सिर्फ दौलता पुर पुर के ही नहीं है बल्कि स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत दर्जनो ग्रामों में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे प्रवेश की ओर अग्रसर है ।

ग्रामीणों के अनुसार बाढ़ प्रभावित धौलतापुर ग्राम पंचायत की ग्राम पंचायत विकास अधिकारी शालिनी पांडेय से राहत एवं बचाव कार्य के बारे में पूछे जाने पर साफ शब्दों में कहा कि मुझे जानकारी नहीं है , यह कार्य अधिकारियों का है मेरी जो ड्यूटी है उसका ईमानदारी से पालन किया जा रहा है । वास्तव में जिला प्रशासन द्वारा लाख प्रयास के बावजूद निघासन तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में है जो कि बेहद चिंता का विषय है ।

# उन्नाव: लखनऊ मंडल आयुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने उन्नाव के बड़े चौराहे एवं गांधीनगर तिराहे के री डिजाइन एवं सौंदर्यकरण के कार्य का किया निरीक्षण

(जीएनएस)।

उन्नाव में लखनऊ मंडल आयुक्त डॉक्टर रोशन जैकब जी द्वारा विकास भवन सभागार में विकास कार्य एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा करने के पश्चात कलम और तलवार की धरती के नाम से जाने जाने वाले उन्नाव के बड़े चौराहे एवं गांधीनगर तिराहे के री डिजाइन एवं सौंदर्यकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी जी व पुलिस अधीक्षक श्री दीपक भूकर जी की उपस्थित में किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी श्री गौरांग राठी ने बताया कि बड़े चौराहे के चारों तरफ पहले अभियान चलाकर खाली कराया गया है इसके अतिरिक्त पार्किंग हेतु कचहरी पुल के साइड में स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है तथा अतिक्रमण से निजात पाने के लिए गाड़ियों की पार्किंग की जाएगी। इस पर माननीय मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि चौराहे के तीनो ओर जाने वाले रास्तों के आसपास अतिक्रमण मुक्त रखा जाए इसके अतिरिक्त पानी की निकासी हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



# योगी आदित्यनाथ जी को पुनः तीसरी बारमुख्यमंत्री बनवाने हेतु डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव महापौर नगर निगम गोरखपुर उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में लखनऊ में प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन










हमीरपुर उत्तर प्रदेश - 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर माननीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज को पुनः तीसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनवाने हेतु डॉक्टर मंगलेश कुमार श्रीवास्तव महापौर नगर निगम गोरखपुर उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में जो 18 सितंबर 2025 को भाजपा समर्थक मंच का प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है उसकी सफलता के लिए प्रदेश में विभिन्न जिलों में समीक्षा सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं इसी क्रम में आज हमीरपुर उत्तर प्रदेश के ग्राम महरा में भाजपा समर्थक मंच का हमीरपुर इकाई द्वारा समीक्षा सम्मेलन संपन्न हुआ जिसका शुभारंभ माननीय पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव एडवोकेट राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रमों से किया गया इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टर मंगलेश कुमार श्रीवास्तव महापौर नगर निगम गोरखपुर के नेतृत्व को मजबूत करने की नीयत से यह सम्मेलन आज यहां आयोजित किए जाने की बात कही इस अवसर पर श्री उमेश पुजारी राष्ट्रीय मंत्री डॉ देवेंद्र सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष हुकुम प्रजापति प्रदेश महासचिव संदीप द्विवेदी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा जावेद अहमद वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश मंत्री बालेंद्र द्विवेदी इंजीनियर अमित राजपूत चित्रकूट मंडल अध्यक्ष अरविंद राजपूत युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हमीरपुर अंशुल शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा समर्थन मंच हमीरपुर अमित राजपूत जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा कृष्ण कुमार राजपूत कार्यवाहक जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा हमीरपुर रामानंद पांडे जिला संयोजक हमीरपुर दुष्यंत कुमार जिला उपाध्यक्ष अनवर अली जिला उपाध्यक्ष निर्दोष कुमार जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार जिला उपाध्यक्ष सहित सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव द्वारा गांव में कन्या विद्यालय तथा एक हाई स्कूल खोले जाने तथा गांव की सड़कों को बनवाने के लिए जनता से खुलकर भाजपा समर्थक मंच के साथ खड़े होने की अपील की ।

# बारिश होते ही पानी में तैरने लगता है तंबौर का विकास, ज़िम्मेदार हैं मौन

(जीएनएस)।

सीतापुर : तंबौर नगर पंचायत कस्बे की आदर्श नगर पंचायत इन दिनों विकास को तरस रही है पिछले कई महीनो से विकास से संबंधित कोई काम नहीं हुआ है पिछले करीब 6 महीने से बोर्ड की कोई बैठक अब तक कोई बैठक भी नही हुई है नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि हमने लिखित में अधिशाषी अधिकारी को इस संबंध में अवगत भी कराया है बोर्ड बैठक के लिए लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है आदर्श नगर पंचायत तंबौर अध्यक्ष वा अधिशाषी अधिकारी के आपसी मतभेद से जनता पिस रही है तंबौर की जनता ने कभी ऐसा सोचा भी नही था कि 5 साल बगैर विकास के गुजर जायेंगे पिछले दिनों अतिक्रमण के नाम पर अधिशाषी अधिकारी ने मुख्य बाजार की कई दुकानें जबरजस्ती बन्द कराई थीं उसमें नगर पंचायत अध्यक्ष को साथ में नही लिया गया था कस्बे की मुख्य सड़के इतनी खराब है कि सिर्फ. गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं मुख्तार अनीस रोड़ वा ईदगाह रोड की स्थिति इतनी खराब है कि पैदल वा बाइक से चलना ठोकर लग कर गिरने के बराबर है जिम्मेदारों के कानो तक जू नही रेंग रही है







आजकल बारिश के मौसम में तंबौर मुख्य सड़कों पर शीर्ष टोला, शेखन टोला, मुख्तार अनीस रोड़ से नई बाजार रोड तक बरसात के दिनों पानी ही पानी नजर आता है जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित होता है नगर पंचायत तंबौर की दुर्दशा अत्यधिक खराब है अब सवाल यह है किया कस्बे के ज़िम्मेदार लोग खामोशी की चादर ही ओढ़ रहेंगे या कस्बे के विकास के लिये जागरूक होंगे


# जेल में बंद विचाराधीन कैदी की जमीन पर अवैध कब्जा सड्डू आर. आई. ने बिना जोहद्दी व दिशा मिलाये ही कर दिया सीमांकन अब डायवर्सन की तैयारी

(जीएनएस)।

शासकीय कर्मचारी सौरव बोस द्वारा की गई ह्यअमानत में ख्यानतह्न, सड्डू आर.आई. से मिलकर साँठ-गाँठ कर दी गई घटना को अंजाम एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसमें सास की एक कर्मचारी, सौरव बोस, पर गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने ह्यअमानत में ख्यानतह्न नामक गोपनीय दस्तावेज या विचार योजना को लेकर सड्डू और आर.आई.सी. के साथ साँठ-गाँठ की, और मिलकर इस पूरे मामले को एक सुनियोजित घटना में बदल दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाहबाज हुसैन फरीदी उर्फ शिबू बिलासपुर द्वारा प्लाटिंग करके जमीन बेची गई थी उक्त जमीन ग्राम सड्डू पटवारी हल्का नम्बर 109/44 खसरा नम्बर 149/1 में बहुत से लोगों ने प्लाट खरीदे थे कुछ समय बाद उक्त जमीन में विवाद उत्पन्न हो गया और किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा वाहन जेसीबी चलाकर के घेर कर अपना बोर्ड लगा दिया गया जिसके चलते







जमीन खरीदने वालों को बहुत परेशानी व कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जमीन विक्रेता शिबू द्वारा समस्या का निवारण करते हुए वही अपनी जमीन को सभी विक्रेताओं को देते हुए बेचकर अपना पैसा निकालने के लिए कहते हुए सौरभ बॉस के नाम से पावर ऑफ अटॉर्नी बनकर दिया गया साथ ही डिफरेंट की राशि 13 लाख रुपए नगद ऑनलाइन ट्रांसफर किया सौरभ बॉस ने सर्व सहमति से जो निर्णय लिया गया था जो कि थाने परिसर में हुआ था जमीन बेचकर के सबको बराबर अनुपात में पैसे देने की जो बात थी उसके विपरीत उसने अपने व अपने स्वयं के परिचित व नजदीकियों को उक्त जमीन में बैठा दिया डीपीसी कर करके बोर्ड लगवा दिया साथ ही शाहबाज हुसैन फरीदी से मिली 13 लाख रुपए की राशि भी आपस में बांट ली सौरभ सौरभ बस द्वारा सहमति के विपरीत किए गए कार्य से बहुत से लोग प्रताड़ित हुए जो आज भी न्याय की गुहार लगाते थाने के चक्कर लगा रहे हैं सभी जमीन खरीदारों ने सौरभ बोस पर भरोसा करके शाहबाज हुसैन से सौरभ बॉस के नाम से पावर ऑफ अटॉर्नी बनवाकर दी थी की उन्हें उनका डूबा पैसा जमीन मिल जायगी मगर कुछ लोगो को सौरभ बोस के कारण दोबारा धोका मिल गया सौरभ बोस व उसके दोस्तों ने दलाली करने वाले नकुल नायक से बलपूर्वक अपने नुकसान के नाम पर स्रॢ चेक भी लिया गया जिसे आज तक लोटाया भी नहीं गया है शाहबाज हुसैन फरीदी के जेल जाने की जानकारी मिलते ही सौरभ बोस व अन्य ने बेचने दी जमीन पर कब्जा कर लिया और इनके इस दो नम्बर के काम मे पूरा सहयोग सड्डू आर. आई ने भी दिया बिना जोहद्दी दिशा मिलाये ही सीमांकन रिपोर्ट जारी कर दिया वर्तमान मे बहोत से जमीन खरीदार थाने व पटवारी व तहसील कार्यलय के चक्कर लगा रहे है जमीन पर अवैध रूप से कब्जा धारी लोग अब उक्त जमीन का डायवर्सन कराने मे लगे है

# मुंबई क्राइम ब्रांच ने दबोचा गोल्डी बराड़ के लिए काम करने वाला शूटर, जिंदा कारतूस बरामद

(जीएनएस)।

मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी एक्टर्शन सेल ने मुंबई के कॉटन ग्रीन रेलवे स्टेशन के पास से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं.सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई के संपर्क में थे. (एबीपी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार)

सूत्रों में दावा किया कि अब तक की जांच में पता चला है कि ये सभी लोग हरियाणा के सोनीपत जिले से मुंबई आए थे. मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के पास से 50 से ज्यादा जिंदा कारतूस और 4 पिस्तौल भी बरामद की है और पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि ये लोग क्या किसी बड़ी योजना को अंजाम देने मुंबई आए थे.



**गोल्डी बराड़ के संपर्क में था आदित्य**

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी नरेशकुमार, रवि अंग्रेज, राहुल पृथ्वीसिंह, अनुज कुलदीप कुमार और आदित्य योगेश कौशिक के रूप में की गई है. सूत्रों ने बताया कि आदित्य कौशिक गोल्डी बराड़ के संपर्क में था और जांच के दौरान उसके मोबाइल से फायरिंग के बहुत से वीडियो भी जांच एजेंसियों को मिले हैं.

**खुफिया जानकारी के आधार पर एक्शन**

वहीं मुंबई क्राइम को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई हुई है. पुलिस अब इन गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ये पता करने वाली है कि आखिर इन्हें मुंबई में हथियार लेकर किसने भेजा था और उनका मोटिव क्या था.

**क्राइम कुंडली निकालने में जुटी पुलिस**

पुलिस को शक है कि ये किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के लिए इरादे से मुंबई पहुंचे थे. इनके पास से मिले हथियार और जिंदा कारतूस इसी बात की गवाही दे रहे हैं. पुलिस अब इन लोगों की क्राइम कुंडली का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है, हरियाणा राज्य की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है. मुंबई क्राइम ब्रांच ने जब इन्हें मौके से पकड़ा तब अधिकारी ने पूछा क्या तुम्हारे पास जो पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया उसका लाइसेंस है? तब गिरफ्तार आरोपियों ने कहा नहीं. अगर लाइसेंस